एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे

एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे,
अब सुन लो मेरी पुकार दर्शन कब दोगे....

बहुत दूर से चलकर आया,
फिर भी ना मैंने दर्शन पाया,
हम तुमको रहे पुकार,
एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे.....

बिना दर्शन के कभी ना जाऊं,
द्वार पे तेरे धूनी रमाऊं,
प्यारे दिनों के दातार दर्शन कब दोगे,
एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे.....

मेरी इच्छा पूरी कर दो, आओ आओ दर्शन दे दो,
करू नमन मैं बारंबार दर्शन कब दोगे,
एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे.....

दर्शन दे दो कृष्ण कन्हैया दाऊजी के छोटे भैया,
मैं तुमको रहा निहार दर्शन कब दोगे,
एक साधु खड़ा तेरे द्वार दर्शन कब दोगे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32045/title/ek-sadhu-khada-tere-dwar-darshan-kab-doge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |